[8.2 · साइबर ठगी — बैंक को लिखित शिकायत] — ख़ाली जगह (____) भरें, कोष्ठक वाले संकेत हटा दें, फिर प्रिंट करें। यह लाइन भी हटा दें।

सेवा में,
शाखा प्रबंधक,
_____ (बैंक का नाम), शाखा _____

विषय: मेरे खाते से धोखे से हुए लेन-देन की शिकायत; खाता/कार्ड रोकने और पैसा वापसी हेतु।

महोदय/महोदया,
मेरा खाता संख्या _____ आपकी शाखा में है। दिनांक _____ को लगभग _____ बजे मेरी अनुमति के बिना ये लेन-देन हुए:
1. ₹_____, UTR/ट्रांज़ैक्शन संख्या _____, माध्यम _____ (UPI/कार्ड/नेट-बैंकिंग)
2. ₹_____, UTR/ट्रांज़ैक्शन संख्या _____
मैंने ये लेन-देन नहीं किए, न इनकी अनुमति दी। मुझे इनकी जानकारी दिनांक _____ को मिली और मैं तुरंत सूचना दे रहा/रही हूँ।
1930 / cybercrime.gov.in शिकायत संख्या: _____

निवेदन है कि:
(क) मेरा कार्ड, UPI और नेट-बैंकिंग तुरंत बंद करें;
(ख) जिस खाते में पैसा गया, उस पर रोक के लिए संबंधित बैंक से तुरंत संपर्क करें;
(ग) RBI के ग्राहक संरक्षण निर्देशों के अनुसार रक़म मेरे खाते में वापस डालें;
(घ) इस शिकायत की लिखित पावती और शिकायत संख्या दें।

संलग्नक: 1. बैंक SMS/स्टेटमेंट 2. 1930/पोर्टल शिकायत की कॉपी 3. पहचान पत्र

स्थान: _____
तारीख़: _____

नाम: _____
पिता/पति का नाम: _____
पता: _____
मोबाइल: _____

हस्ताक्षर/अँगूठा निशान: _____